Rajasthan Patrika

EDII

September 8, 2024
Pg. 2

ईडीआईआई में डॉ.वी.जी.पटेल स्मृति व्याख्यान: उद्यमिता प्रशिक्षक, मार्गदर्शक पुरस्कार समारोह

उद्यमी बनने को कड़ी मेहनत, क्षमता का महत्व समझना जरूरी: ढोलकिया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. उद्यमी सवजीभाई ढोलकिया ने कहा कि जो युवा उद्यमी बनना चाहते हैं, उन्हें हर तूफान के बाद कड़ी मेहनत और क्षमता के महत्व को समझना जरूरी है। इसके अलावा आराम छोड़ कर सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

वे भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) की ओर से संस्थान परिसर में आयोजित

डॉ वी.जी. पटेल स्मृति व्याख्यान एवं उद्यमिता प्रशिक्षक, मार्गदर्शक अवार्ड-2024 समारोह को संबोधित कर रहे थे। ढोलकिया ने उद्यमी राष्ट्र निर्माण के स्तंभ विषय पर आयोजित व्याख्यान के दौरान उद्यमिता और स्टार्टअप को बढ़ावा देने में डॉ.वी.जी.पटेल के योगदान को याद किया। संस्थान के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने कहा कि डॉ वी जी पटेल ने यह साबित कर दिया कि प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के द्वारा सफल उद्यमी तैयार किए जा सकते हैं।

साझा किए सफलता के 5 मंत्र: ढोलकिया ने विद्यार्थियों के साथ अपनी सफलता के 5 मंत्र साझा किए।

उन्होंने कहा कि वे और उनके कर्मचारी हर दिन पांच मंत्र को अपनाते हैं। पहला-मैं श्रेष्ठ हूं। दूसरा-मैं यह कर सकता हूं। तीसरा-भगवान हमेशा मेरे साथ है। चौथा-मैं विजेता हूं और पांचवां-आज का दिन मेरा नया दिन है। ये मंत्र सफलता दिलाने में काफी मददगार है।

इन हस्तियों को किया सम्मानित

समारोह में महाराष्ट्र के सतारा के विद्यादीप फाउंडेशन के संस्थापक डॉ दीपक तत्पूजे को डॉ.वी.जी.पटेल उद्यमिता प्रशिक्षक, मार्गदर्शक अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। इन्होंने 1990 से 2010 के दौरान सतारा में दो एनजीओ और दो क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटियों की स्थापना की। उद्यमिता और स्टार्टअप को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय कार्य किया। इसके अलावा बेंगलुरू के बीएनएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की हैड इनोवेशन-डॉ विजयश्री लक्ष्मण, राजस्थान की बनस्थली विद्यापीठ के अटल इन्क्यूबेशन सेंटर के सीईओ डॉ.अभिषेक पारीक को सराहना प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।